दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार, 17 मार्च 2022
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

चोट दोनों तरफ है

यूरोपीय देशों ने प्रतिबंध लगाते समय ये कोशिश की है कि तेल-गैस के आयात पर ज्यादा फर्क ना पड़े। लेकिन अगर जवाबी कार्रवाई में रूस ने ही निर्यात रोक दिया, तो उनके हाथ बंध जाएंगे। रूस ने चेतावनी दी है कि रूसी तेल का बहिष्कार करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार को बेहद गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

अमेरिका में प्राकृतिक गैस की कीमत में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। आने वाले दिनों में इसमें वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। स्पष्टत: यह अमेरिका सरकार के रूस से तेल और गैस आयात रोकने के फैसले का परिणाम है। यानी उस फैसले की कीमत अमेरिकी जनता को अपनी जेब से चुकानी पड़ रही है। उधर रूस ने पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों पर पलटवार की चेतावनी भी दी है। कहा है कि वह खुद पर लगे प्रतिबंधों की विस्तृत प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है। उसके उठाए कदमों का असर पश्चिमी देश वहां महसूस करेंगे, जो उनके सबसे सवेदनशील पक्ष हैं। यानी एक दूसरे को क्षति पहुंचाने की एक होड़ लग गई है। यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस की करीब-करीब समूची वित्तीय और कॉर्पोरेट व्यवस्था पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। तेल और गैस उद्योग पर लगे प्रतिबंधों की ज्यादा चुभन यूरोप को महसूस होगी, हालाकि फौरी असर अमेरिका पर भी हुआ है। वैसे तो अमेरिका ऊर्जा के मामले में आत्म निर्भर है। लेकिन रूस से अचानक तेल और गैस का आयात रोक देने से बाजार में अचानक आपूर्ति घट गई है। लाजिमी तौर पर उसका बाजार पर बहुत खराब असर हुआ है। आखिर अमेरिका को अपने तेल और गैस का उत्पादन बढ़ाने में समय लगेगा।

अमेरिका में तेल और गैस का उत्पादन का 2019 में रिकॉर्ड बना था। लेकिन कोरोना महामारी के दौरान इसमें भारी गिरावट आई। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक अभी देश में जितने तेल और गैस को निकाला जा रहा है, वह 2019 से कम है। खबरों के मुताबिक अमेरिका का तेल उद्योग सप्लाई चेन में रुकावट और श्रमिकों की कमी की समस्या का सामना कर रहा है। ऐसे में तेज गति से उत्पादन बढ़ाना बहुत मुश्किल है। रूस का कहना है कि यूरोप सालाना 50 करोड़ टन तेल का इस्तेमाल करता है। इसका लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रूस निर्यात करता है। साथ ही वह आठ करोड़ टन पेट्रोकेमिकल का भी निर्यात करता है। यूरोपीय देशों ने प्रतिबंध लगाते समय ये कोशिश की है कि इन चीजों के आयात पर ज्यादा फर्क ना पड़े। लेकिन अगर जवाबी कार्रवाई में रूस ने ही निर्यात रोक दिया, तो उनके हाथ बंध जाएंगे। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने चेतावनी दी है कि रूसी तेल का बहिष्कार करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार को बेहद गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में लौटी बहार, खुलते ही 800 अंक चढ़ा सेंसेक्स

नई दिल्ली । मजबूत ग्लोबल ट्रेंड के बीच घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की। बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर के शेयरों में तेजी लौट आई है। इससे भी बाजार को फायदा मिल रहा है। एक दिन पहले की गिरावट के बाद आज जैसे ही कारोबार की शुरुआत हुई, बीएसई सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा चढ़ गया।

सेंसेक्स और निफ्टी पर सेशन शुरू होने से पहले सिंगापुर में एसजीएक्स निफ्टी मजबूत शुरुआत के संकेत दे रहा था। एसजीएक्स निफ्टी सुबह में 240 अंक से ज्यादा की बढ़त में था। प्री-ओपन में बीएसई सेंसेक्स भी 800 अंक से ज्यादा की बढ़त में था। बाजार खुलने के बाद भी यह मोमेंट बना रहा। सुबह 09.20 बजे बीएसई सेंसेक्स करीब 810 अंक चढ़कर 56,585 अंक से कुछ ऊपर कारोबार कर रहा था। एनएसई निफ्टी भी करीब 230 अंक चढ़कर 16,900 अंक के पास बना हुआ था।

इससे पहले लगातार 5 दिनों की तेजी के बाद मंगलवार को इसपर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स में 700 अंक से ज्यादा की गिरावट आई और यह 55,775 अंक के आस-पास बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 200 अंक से ज्यादा गिरकर 16,650 अंक से कुछ नीचे बंद हुआ। सोमवार को बाजार ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत की थी। सोमवार को कारोबार समाप्त होने के बाद सेंसेक्स 935.72 अंक (1.68 फीसदी) के फायदे के साथ 56,486.02 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी 240.85 अंक (1.45 फीसदी) मजबूत होकर 16,871.30 अंक पर बंद हुआ था।

आज ग्लोबल मार्केट से बाजार को सपोर्ट मिल रहा है। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने का ऐलान कर सकता है। इससे एक दिन पहले के कारोबार में मंगलवार को अमेरिकी बाजार में तेजी देखने को मिली। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.82 फीसदी की और नास्डैक कंपोजिट 2.92 फीसदी की तेजी में रहा। बुधवार को एशियाई बाजारों में भी मजबूती बनी हुई है। जापान का निक्की 1.36 फीसदी, टॉपिक्स इंडेक्स 1.4 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.68 फीसदी की मजबूती में है।

इन्वेस्टर्स उम्मीद कर रहे हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच करीब 1 महीने से जारी विवाद अब जल्दी ही शांत हो सकता है। यूक्रेन ने नाटो में शामिल होने के फैसले से पीछे हटने का साफ संकेत दिया है। इससे कच्चे तेल की उबाल कम हुई और यह 7 फीसदी नरम हो गया। करीब 1 महीने बाद पहली बार क्रूड ऑयल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आया है। वहीं फेडरल रिजर्व से उम्मीद की जा रही है कि वह ब्याज दर को 0.25 फीसदी बढ़ाएगा। इन सब संकेतों से बाजार को राहत मिल रही है।

कैपिटल गेन्स टैक्स में सुधार पर अभी कोई प्रस्ताव नहीं : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की पूंजीगत लाभ कर ढांचे में सुधार करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। अगले बजट के बारे में बात करना काफी समयपूर्व है। जबकि चालू वर्ष का वित्त विधेयक अभी भी चर्चा में है और अभी तक पारित नहीं हुआ है। यह कहना है वित्त मंत्रालय का। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने मीडिया में चल रही उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि, सरकार अपनी कमाई बढ़ाने और कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च बढ़ाने के लिए कैपिटल गेन्स टैक्स ढांचे में सुधार करना चाहती है। इस बारे में वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और मीडिया रिपोर्ट की अटकलें गलत हैं। देश में लिस्टेड इक्विटी पर एक साल से अधिक समय के लिए एक लाख रुपये की सीमा से ऊपर के लाभ पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स का भुगतान करना होता है। एक साल से कम समय के लिए रखे गए शेयरों पर 15 फीसदी के हिसाब से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स का भुगतान करना होता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि कैपिटल गेन टैक्स में बदलाव की तैयारी चल रही है। यह रिपोर्ट पूरी तरह आधार विहीन है। रिपोर्ट में कहा गया था कि शेयर बाजार से कमाई पैसिव इनकम की तरह है। ऐसे में शेयर बाजार की कमाई पर लगने वाला टैक्स रेट बिजनेस इनकम पर लगने वाले टैक्स के मुकाबले कम नहीं होना चाहिए। बिजनेस इनकम में कई रिस्क जुड़े होते हैं, साथ में यह रोजगार का अवसर भी देता है।

होली से पहले गुलजार हुआ बाजार, निवेशकों ने कमाए 4.56 लाख करोड़

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली के बल पर आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी दर्ज की गई जिससे सेंसेक्स और निफ्टी में 1.85 प्रतिशत से अधिक की तेजी रही और इससे निवेशकों ने 4.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1039.80 अंकों की बढ़त के साथ 56816.65 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 312.35 अंक उछलकर 16975.35 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुई जिससे बीएसई का मिडकैप 1.80 प्रतिशत बढक़र 23572.74 अंक पर और स्मॉलकैप 1.47 प्रतिशत चढक़र 27383.82 अंक पर रहा। इस तेजी से बीएसई का बाजार पूंजीकरण पिछले दिवस के 25166630.06 करोड़ रुपये की तुलना में 456878.40 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 25623508.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

दो वर्ष बाद इंडिगो शुरू करेगी थाईलैंड के लिए उड़ान

नई दिल्ली। घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो दो वर्ष के अंतराल के बाद थाईलैंड के लिए विमान सेवा शुरू करने जा रही है। जिसकी घोषणा कंपनी ने मंगलवार को की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन 26 मार्च तक एयर बबल समझौते के तहत उड़ानों का संचालन करेगी और उसके बाद अपने अनुसूचित वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय परिचालन के हिस्से के रूप में कार्य करेगी।

इंडिगो की यह उड़ान बैंकॉक को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु के साथ जोड़ेगी। साथ ही फुकेट के लिए दिल्ली और मुंबई से उड़ान भरी जाएगी।

कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विलियम बोउलटर ने कहा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत बैंकॉक और फुकेट के लिए उड़ानों के साथ हम भारत और थाईलैंड के बीच दोबारा संचालन को लेकर प्रसन्न हैं। भारतीयों के लिए थाईलैंड सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक है और सेवाओं के दोबारा शुरू होने से गर्मियों में अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए गर्मियों की यात्रा की योजना बनाने वालों के लिए खुशी और किफायती उड़ान विकल्प लाएगी। इन उड़ानों के शुरू होने से ना केवल किराए में गिरावट आएगी, बल्कि व्यापार पर्यटन और गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा, इससे दोनों देशों में आर्थिक सुधार में भी बढ़ोत्तरी होगी।

पर्यटकों के लिए थाईलैंड दो वर्ष बाद अपनी सीमाओं को खोल रहा है, जिस पर मार्च 2020 से प्रतिबंध लगाया गया था। भारत से कोरोना रोधी टीके की दोनों खुराक ले चुके पर्यटक बिना चरंटीन के थाईलैंड में प्रवेश कर सकते हैं। नए नियमों के मुताबिक, पर्यटकों को आगमन पर नेगेटिव पीसीआर रिपोर्ट दिखानी होगी और पहुंचने पर दो और पीसीआर जांच करानी होगी, जिसमें एक प्रवेश करने पर और अन्य थाईलैंड में पांचवें दिन कराना होगा।

कैट ने ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए अधिकार संपन्न विनियामक प्राधिकरण बनाने की उठाई मांग

नई दिल्ली। खुदरा व्यापारियों के मुख्य संगठन कैट ने भारत में ई-कॉमर्स मंचों में निष्पक्षता के अभाव, ऐसे मंचों द्वारा समानों पर अतिशय छूट और ग्राहकों से संबंधित सूचनाओं का अनुचित प्रयोग कर बाजार प्रतिस्पर्धा को प्रभावित किए जाने तथा प्लेटफॉर्म पर नए उत्पादों की घोषणा जैसे व्यवहार की शिकायत की है और इस क्षेत्र के नियमन के लिए विनियामक प्राधिकरण गठित करने की सिफारिश की है।

कैट ने ई-कॉमर्स पर पचास पृष्ठों का श्वेत-पत्र जारी किया। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में इसे जारी करते हुए कहा, श्वेत-पत्र में सुझाव दिया गया है कि ई-कॉमर्स नीति को प्लेटफॉर्म तटस्थता की कमी, अत्यधिक छूट, डेटा के अनुचित उपयोग आदि से उत्पन्न चिंताओं को दूर करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए की इस उद्योग के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाया जाए।

श्वेत-पत्र में इस क्षेत्र के लिए की गयी सिफारिशों में कैट ने सुझाव दिया है कि ई-कॉमर्स के क्षेत्र में एक अधिकार संपन्न विनियामक प्राधिकरण होना चाहिए जो समावेशी विकास को बढ़ावा देने और नियमों को लागू करने में सक्षम हो और सभी पक्षों के हितों की रक्षा कर सके।

कैट के मुताबिक ई-कॉमर्स कंपनियों को केवल शुद्ध रूप से एक निष्पक्ष डिजिटल बाजार मंच के रूप में काम करने की छूट होनी चाहिए और उन्हें ग्राहकों के डेटा का कहीं और इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। श्वेत-पत्र में सिफारिश की गयी है कि इनवेंटरी (अपने माल का स्टॉक) के साथ काम करने वाली डिजिटल वाणिज्यिक इकाइयों को ई-स्टोर के रूप में परिभाषित किया जाए। कैट ने कहा है कि भारत में ई-वाणिज्य क्षेत्र जिस तेजी से बढ़ रहा है उसमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बाजार में व्यापारियों, उपभोक्ताओं और सभी संबद्ध उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो।

भारत करेगा एफआईडीई चेस ओलंपियाड 2022 की मेजबानी

चेन्नई । भारत ने एफआईडीई चेस ओलंपियाड 2022 की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। आगामी 26 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होने वाला यह कार्यक्रम चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को इसकी घोषणा की।

चेन्नई से करीब 55 किमी दूर ऐतिहासिक पर्यटन स्थल ममल्लापुरम में कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां हाल ही में भारत-चीन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। एफआईडीई की ओर से यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच रूस को चेस ओलंपियाड 2022 से बाहर किए जाने की घोषणा के बाद इस इवेंट की मेजबानी हासिल करने के लिए अन्य देशों द्वारा काफी सक्रियता देखी गई और अंतत: तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों के जबरदस्त प्रयास और समन्वय के चलते एआईसीएफ की टीम और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भारत के लिए बोली जीतने में कामयाब रहे।

एफआईडीई की नए मेजबानों की तलाश की घोषणा से ठीक 10 दिनों के अंदर एआईसीएफ ने तमिलनाडु सरकार के साथ समन्वय किया, ताकि मेजबान के रूप में बोली लगाने के आग्रह के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क करने के कुछ घंटों के अंदर विभिन्न मंजूरी प्राप्त की जा सकें।

उल्लेखनीय है कि 1927 के बाद से 43 बार एफआईडीई चेस ओलंपियाड का आयोजन किया गया है और भारत एक बार भी मेजबानी नहीं कर पाया है, लेकिन अब उसे पहली बार मेजबानी अधिकार मिले हैं।

फिल्म सना से बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी पूजा भट्ट

हाल में अभिनेत्री राधिका मदान ने अपनी फिल्म सना की घोषणा की है। यह एक महिला प्रधान फिल्म है, जिसमें राधिका मुख्य भूमिका में दिखेंगी। इस फिल्म को फिल्ममेकर सुधांशु सरिया निर्देशित कर रहे हैं। अब फिल्म के साथ अभिनेत्री पूजा भट्ट का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि वह सना के जरिए बड़े पर्दे पर अपनी वापसी करने वाली हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री पूजा राधिका की फिल्म सना से बॉलीवुड के बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। खबरों की मानें तो उन्होंने यह फिल्म साइन कर ली है। इस फिल्म में पूजा राधिका की मां की भूमिका निभाएंगी। एक सूत्र ने कहा, राधिका की फिल्म सना में पूजा का बेहद दमदार रोल है। जहां राधिका लीड रोल निभाएंगी, वहीं पूजा ने उनकी मां की भूमिका निभाई है।

सूत्र की मानें तो फिल्म में पूजा एक मजबूत और स्वतंत्र मां के रूप में नजर आएंगी, जो अपनी बेटी को शादी से पहले गर्भावस्था से निपटना सिखाती हैं। कहा जा रहा है कि इस रोल के लिए मेकर्स पूजा के अलावा किसी के बारे में विचार भी नहीं कर सकते थे। फिल्म में फुल ड्रामा और मस्ती का डोज शामिल होगा। डायरेक्टर सुधांशु ने कहा था कि फिल्म में भौगोलिक क्षेत्र और कई संस्कृतियां देखने को मिलेंगी।

ब्रह्मास्त्र से आलिया भट्ट के किरदार का फर्स्ट लुक रिलीज

आलिया भट्ट के जन्मदिन के मौके पर आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र के निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक पेश किया है। 2012 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से आलिया को लॉन्च करने वाले फिल्म निर्माता करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर आलिया के चरित्र की एक तस्वीर साझा की।

तस्वीर के साथ उन्होंने एक लंबी पोस्ट भी लिखी। उन्होंने लिखा, मेरी प्यारी आलिया, मैं इसे लिखते समय आपके लिए महसूस प्यार महसूस कर रहा हूं, साथ ही सम्मान भी। आपकी अपार प्रतिभा के लिए, एक कलाकार के रूप में आपकी अविश्वसनीय वृद्धि और सभी के माध्यम से इतना वास्तविक होने की आपकी क्षमता का मैं सम्मान करता हूं।

आज का राशिफल

मेष:- आज का दिन बहुत ही बढिया रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे। किसी प्रकार की जिद करने से बचें। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उनकी समाज में प्रशंसा होगी।

वृष:- आज का दिन शानदार रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। रुका हुआ पैसा आज वापस मिलने से आर्थिक पक्ष और भी मजबूत बनेगा। आप अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन:- आज का दिन बहुत ही बढिया रहने वाला है। आज आप अपनी समझदारी से हर तरह की स्थिति पर नियंत्रण पाने में सफल होंगे। आपको अपनी सोच सकारात्मक बनायें रखने की जरूरत है।

कर्क:- आज किस्मत आपके साथ रहेगी। विरोधी पक्ष आज आपके सामने घुटने टेकने पर मजबूर हो जायेंगे। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी काम को पूरा करने के लिए किसी मित्र से फ़ोन पर सलाह लेंगे।

सिंह:- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों का स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप अपनी कार्य योजना बनायेंगे, जिससे आगे चलकर आपको फायदा भी होगा।

कन्या:- आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग कम्प्यूटर क्षेत्र से जुड़े हैं वो आज ऑनलाइन कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। आप हर तरह की परिस्थितियों से लडने के लिये खुद को तैयार रखेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर परिवार के किसी सदस्य से सलाह मशविरा करेंगे।

तुला:- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी आज आपकी बहुत तारीफ करेंगे। अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई बढ़ा फैसला ले सकते हैं। ये फैसला आगे चलकर आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

वृश्चिक:- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको जिस अवसर की पिछले कई दिनों से तलाश थी, वो आज किसी परिवार के सदस्य की मदद से आपको मिलेगा। आपकी पदोन्नति होगी, पदोन्नति के साथ आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आपको अचानक धन लाभ होगा।

धनु:- आज का दिन शानदार रहने वाला है। आपको आर्थिक लाभ होने की सम्भावना बन रही है। इस राशि के छात्रों के मन में आज कई तरह के विचार आयेंगे, बेहतर होगा पढ़ाई पर ध्यान दें।

मकर:- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपको इन्क्रीमेंट होने की खबर मिलेगी। जिससे आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आपको अपनी मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा। इस राशि के छात्र आज अपने करियर को और बेहतर बनाने के लिए विचार विमर्श करेंगे।

कुंभ:- आज का दिन बहुत ही बढिया रहने वाला है। इस राशि के जो लोग वकील हैं उनके लए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है।

मीन:- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों आज कुछ नया करने का प्लान बनायेंगे। जिस भी कार्य की शुरुआत करेंगे उसे समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

होली का मजा दोगुना कर सकती हैं ये मॉकटेल ड्रिंक्स, आसान हैं बनाना

अगर आप होली के मौके पर पार्टी आयोजित करने वाले हैं तो यकीनन इसके लिए आपने एक खास खाने का मैन्यू भी सोच रखा होगा, लेकिन क्या इसमें ड्रिंक के नाम पर सिर्फ ठंडाई शामिल है? अगर हां, तो आपको बता दें कि आप उसकी बजाय स्वादिष्ट मॉकटेल ड्रिंक्स से अपनी पार्टी का मजा दोगुना कर सकते हैं। आइए आज हम आपको होली के लिए कुछ मॉकटेल ड्रिंक्स की रेसिपी बताते हैं।

ऑरेंज मॉकटेल- इसके लिए सबसे पहले एक जग में दो कप संतरे का जूस, एक चौथाई कप नींबू का रस, एक चौथाई कप पानी और दो-तीन बड़ी चम्मच चीनी मिलाएं। जब चीनी अच्छी तरह घुल जाए तो इसमें थोड़ा क्लब सोडा, पुदीने की कुछ पत्तियां और कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। अब इस टेंगी मॉकटेल को गिलास में डालें, फिर इस पर कुछ पुदीने की पत्तियां गर्निश करके परोसें और खुद भी पीएं। यकीनन यह आपको बेहद पसंद आएगी।

मिंटी लेमोनी मॉकटेल- होली पर आपको ऊर्जावान बनाए रखने के लिए यह मिन्टी लेमोनी मॉकटेल आपकी काफी मदद कर सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पुदीने की ताजी पत्तियों को पानी के साथ मिक्सी में बारीक पीस लें। अब इस मिश्रण को छानकर कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद एक लंबे गिलास में पुदीने का रस, नमक, नींबू का रस और काली मिर्च पाउडर मिलाएं, फिर इसमें बर्फ के कुछ टुकड़े डालकर इसका सेवन करें।

पोमेग्रेनेट पंच- सबसे पहले मिक्सी में दो कप अनार के दानों को पीस लें, फिर इसे एक जग में डालकर इसमें एक गिलास पानी, एक कप कल्ब सोडा और दो चम्मच नींबू का रस अच्छे से मिला लें। अगर आपको ये कम मीठा लग रहा है तो आप इसमें शहद भी मिला सकते हैं। अंत में इस ड्रिंक में पुदीने की पत्तियां डालकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो ड्रिंक पर अनार के दाने गार्निश करके इसे और प्रेजेंटेबल बना सकते हैं।

ब्लूबेरी लाइम मॉकटेल- इस मॉकटेल ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक लीटर पानी, डेढ़ कप ताजा ब्लूबेरी, एक बड़ी चम्मच कदूकस किया हुआ अदरक और चार बड़ी चम्मच चीनी डालकर गर्म करें। जब इसमें एक उबाल आ जाए तो एक चम्मच से ब्लूबेरी को मैश करें। अब गैस बंद करके मिश्रण को ठंडा होने दें। इसके बाद इसे एक जग में छानकर इसमें नींबू का रस (स्वादानुसार), बर्फ के टुकड़े और पुदीने की पत्तियां डालकर इसे सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 15

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 15

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.014 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3